हरिभूमि
# महासमुंद भूमि
रायपुर, बुधवार 30 अक्टूबर 2024
[ सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड ]



**खबर संक्षेप**



## लोक सांस्कृतिक सुआ नृत्य लोगों को लुभा रहा

**बिरकोनी।** सुआ नृत्य पर्व के साथ छग राज्य की पहचान बन गई है। छत्तीसगढ़ी पारंपरिक व सांस्कृतिक सुआ नृत्य गीत गांवों में दीपावली के एक सप्ताह पहले शुरू हो चुकी है। क्षेत्र में इन दिनों सुआ नृत्य की धूम मची हुई है। छोटी-छोटी बालिकाएं साड़ी में आकर्षक सज-धज कर टोकरी में मां लक्ष्मी की मूर्ति रखकर सुआ नृत्य करने पहुंच रही है। अनेक टोली सुबह से शाम तक प्रस्तुति दे रही है। इसे देखने के लिए बच्चों की भीड़ भी लग रही है। सुआ नृत्य में बालिकाओं के अलावा महिलाओं का समूह भी हिस्सा ले रही है। गीत गाकर और ताली बजाकर नृत्य प्रस्तुति दी जा रही हैं। वहीं शाम को गवरा चबूतरा में फूल कूटने की रस्म भी निभाई जा रही है। जहां बालिका और महिलाओं द्वारा सुआ नृत्य की प्रस्तुति दी जा रही है।

## आश्रय वृद्धाश्रम में मनाया 'सबकी दिवाली' उत्सव

**रायपुर।** हेल्पेज इंडिया द्वारा श्याम नगर स्थित आश्रय वृद्धाश्रम में सोमवार को सबकी दिवाली उत्सव का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में हेल्पेज इंडिया के राज्य प्रमुख शुभांकर बिस्वास, वृद्धाश्रम के सभी निवासी, हेल्पेज इंडिया के स्टॉफ, कुशाभाऊ ठाकरे विश्वविद्यालय के मास्टर ऑफ सोशल वर्क के विद्यार्थी और सहित 50 से अधिक लोगों ने भाग लिया। इसी दौरान वरिष्ठजनों के साथ मिलकर दिवाली की खुशियों का आदान-प्रदान किया गया। इस विशेष अवसर पर हेल्पेज इंडिया की ब्रांड एंबेसडर शर्मिला टैगोर का एक विशेष वीडियो मैसेज प्रस्तुत किया, जिसका विषय, सबकी दीवाली किसी वरिष्ठ नागरिक के लिए रोशनी बने, बदलाव लाए। यह संदेश लोगों को प्रेरित करेगा कि वे वरिष्ठजनों के जीवन में बदलाव लाने का प्रयास करें और दिवाली के असली अर्थ को समझें। कार्यक्रम में वरिष्ठजनों के साथ रंगोली बनाई। दीयों की जगमगाहट से पूरा वृद्धाश्रम जगमगाने लगा और बॉलिंग गेम एवं म्यूजिकल गेम्स के माध्यम से सभी को उत्साह से भर दिया।

## दिव्यांगजनों को बांटी मिठाई, पटाखे भी दिए

**रायपुर।** सक्षम सेवा संस्थान द्वारा सभी दिव्यांग बंधुओं और उनके परिजनों को दिवाली की शुभकामनाओं के साथ मिठाई और पटाखे उनके घर जाकर दिए। साथ ही उनकी समस्याओं की जानकारी सुनी और दिव्यांग बच्चों के साथ फूलझड़ियां जलाकर दिवाली की खुशियां मनाईं। इस मौके पर सदस्यों ने दिव्यांगजनों को होरीलाल यादव के साथ उनकी संस्था दिव्यांगजनों को दी जा रही निशुल्क कोचिंग के बारे में बात की गई। इसी प्रकार सक्षम के लगने वाले शिविर में उनके योगदान की बात की गई। इस अवसर पर अविनाश चटर्जी, सुभाष जंघेल, डॉ. संगीता कश्यप, डॉ. विनय टंडन, मधुकर राव आदि उपस्थित रहे।

### समीक्षा: राज्योत्सव की तैयारी की समीक्षा, धान खरीदी के लिए दिए दिशा-निर्देश

# त्योहार को लेकर कानून व्यवस्था और सौहार्द्र बनाए रखने के लिए दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद




कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने समय सीमा की बैठक लेकर विभिन्न विभागीय योजनाओं और कार्यक्रमों के बेहतर क्रियान्वयन की समीक्षा की। उन्होंने मुख्यमंत्री जनदर्शन, कलेक्टर जन चौपाल, जन शिकायत और अन्य प्राप्त पत्रों की निराकरण के लिए संबंधित विभाग के अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में सीईओ जिला पंचायत एस आलोक, अपर कलेक्टर रवि कुमार साहू एवं जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

बैठक में कलेक्टर लंगेह ने जिले में 5 नवंबर को राज्योत्सव की तैयारी के संबंध में भी समीक्षा की। उन्होंने कहा कि संबंधित विभागों को दी गई जिम्मेदारियों का निर्वहन समन्वय स्थापित कर गंभीरतापूर्वक करें। आयोजन गरिमापूर्ण तरीके से किया जाए। उन्होंने राज्योत्सव में लगने वाले विभिन्न विभागों के स्टॉल के लिए दिशा-निर्देश दिए। कलेक्टर ने दीपावली त्यौहार के मद्देनजर आवश्यक कानून व्यवस्था और सौहार्द्र बनाए रखने के लिए सभी अनुविभागीय अधिकारी और पुलिस विभाग को निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 की समर्थन मूल्य पर धान खरीदी हेतु सभी उपार्जन केंद्रों पर सभी ज़रूरी व्यवस्थाएं समय रहते पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होनें कहा कि खरीफ विपणन 2024-25 में समर्थन मूल्य पर धान और मक्का की खरीदी के लिए किसानों का पंजीयन एक जुलाई से चल रहा है, जो 31 अक्टूबर तक चलेगा। पंजीयन के लिए सभी किसान अपने क्षेत्र के ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी, सहकारी समिति प्रबंधक से संपर्क कर नया पंजीयन करा सकते हैं। उन्होंने जिले के संवेदनशील धान खरीदी केंद्रों के अतिरिक्त ऐसे समस्त केंद्रों के पहचान करने को कहा, जहां विगत वर्ष 1 प्रतिशत की अधिक की कमी या धान के निराकरण में कठिनाई हुई हो। इस दौरान गत खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 में जिन धान उपार्जन केंद्र को संवेदनशील श्रेणी में रखा गया था। उन केंद्रों में विशेष निगरानी रखने के निर्देश दिए। उन्होंने 16 चेकपोस्ट में रोस्टरवार अधिकारी-कर्मचारियों की ड्यूटी लगाने कहा। आवश्यकतानुसार चेकपोस्ट की संख्या बढ़ाने हेतु प्रस्ताव भेजने के भी निर्देश दिए हैं। धान के रख-रखाव के लिए उपार्जन केंद्रों में मानक स्टेकिंग और ड्रेनेज मटेरियल की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने धान की संभावित अवैध बिक्री और परिवहन पर भी अभी से सतर्क रहने और तैयारी करने के निर्देश दिए हैं।

कलेक्टर ने एसडीएम एवं खाद्य औषधि प्रशासन के अधिकारियों को त्यौहार को ध्यान में रखते हुए खाद्य प्रतिष्ठानों की जांच एवं सतत निगरानी करने के निर्देश दिए है। कलेक्टर ने कहा कि पात्र छूटे हुए लोगों का आयुष्मान कार्ड आवश्यक शिविर लगाकर बनाएं। ताकि हर जरूरतमंद व्यक्ति इस योजना का लाभ उठा सके। साथ ही उन्होंने कहा कि राशन कार्ड नवीनीकरण और ई-केवाईसी के लिए भी जनपद के सीईओ खाद्य विभाग के साथ मिलकर विशेष कार्रवाई करें। कलेक्टर ने अधिकारियों को स्कूल, आंगनबाड़ी, छात्रावासों का नियमित निरीक्षण कर रिपोर्ट देने के निर्देश भी दिए है। उन्होंने पीएम जनमन, प्रधानमंत्री आवास योजना, आगामी रबी फसल की तैयारी के संबंध में भी समीक्षा की। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जिले में चल रहे विकास कार्यों और जनकल्याणकारी योजनाओं को प्राथमिकता के साथ क्रियान्वित करें तथा निगरानी करते रहें ताकि सभी वर्गों के लोगों को योजनाओं का लाभ समय पर मिल सके।

## कलेक्टर ने संबंधित विभाग को आवेदकों की समस्याओं का निराकरण के दिए निर्देश

**महासमुंद।** जिला कलेक्ट्रेट में आयोजित होने वाले जन चौपाल में कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने जिले के आमजनों की मांगों एवं समस्याओं को गंभीरता पूर्वक सुनी और संबंधित विभाग के अधिकारियों को नियमानुसार निराकरण के निर्देश दिए। जन चौपाल में ग्रामीण और शहरी क्षेत्र के 36 आवेदकों ने मांग, समस्या एवं शिकायतों से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए। कलेक्टर ने सभी आवेदकों की समस्याएं बारी-बारी सुनी।

आज जन चौपाल में आवेदकों ने जाति प्रमाण पत्र, नक्शा त्रुटि सुधार, अतिक्रमण हटाने, नामांतरण, भूमि व्यवस्थापन तथा अन्य समस्याओं व मांगो को लेकर आवेदन सौंपे। इनमें महासमुंद विकासखंड के ग्राम खैराभाठा की पानबाई ने प्रधानमंत्री आवास के लिए, ग्राम मालीडीह के पुनीराम ने खसरा त्रुटि सुधार, सरोज बाई ने करणी कृपा मामले में पीड़िता को मुआवजा एवं कार्य दिलाने, बसना विकासखंड के ग्राम छातापठार के गंगाराम ने भूमि अतिक्रमण हटाने, पिथौरा की अहिल्या सवा ने जमीन दूरूस्ती संबंधी आवेदन कलेक्टर को सौंपे। कलेक्टर लंगेह ने संबंधित अधिकारियों को निर्धारित समय-सीमा के भीतर आवेदकों की समस्याओं का निराकरण सुनिश्चित करने कहा। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ एस आलोक, अपर कलेक्टर रवि कुमार साहू एवं जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

## नगरीय क्षेत्र में मिट्टी के दीये पर किसी प्रकार का कर नहीं वसूलने के निर्देश

**महासमुंद।** दीपावली के शुभ अवसर पर कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने जिले में परंपरागत मिट्टी के दीयों के विक्रय को बढ़ावा देने के लिए विशेष निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने कहा कि दीपावली पर्व पर कुम्हारों एवं अंचल के ग्रामीणों द्वारा मिट्टी के दीये बनाये जाते हैं तथा इन्हें बाजारों में इस पर्व पर विक्रय के लिए लाया जाता है। उन्होंने जिले के सभी एसडीएम, नगर पालिका अधिकारियों और सीईओ जनपद को निर्देशित किया है कि कुम्हार और ग्रामीण क्षेत्र से आने वाले दीया विक्रेताओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसका संपूर्ण ध्यान रखा जाए। कलेक्टर ने यह सुनिश्चित करने के लिए कहा है कि नगर पालिका और नगर पंचायत क्षेत्र में इन विक्रेताओं से किसी भी प्रकार का कर न वसूला जाए। इसके अलावा उन्होंने आम नागरिकों से अपील की है कि वे पर्यावरण के अनुकूल मिट्टी के दीयों का उपयोग करें और दीयों से दीपावली को उज्ज्वल बनाएं। इस पहल का उद्देश्य न केवल कुम्हारों को आर्थिक सहायता प्रदान करना है, बल्कि पर्यावरण संरक्षण को भी बढ़ावा देना है। अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि वे स्थानीय बाजारों में मिट्टी के दीयों के विक्रय के लिए उचित स्थान उपलब्ध कराएं ताकि इन विक्रेताओं को किसी प्रकार की परेशानी न हो।

## वृद्धजनों के साथ बच्चों ने मनाया दीपपर्व



**महासमुंद।** शहर के कॉलेज रोड स्थित किडज़ी प्री स्कूल द्वारा दीपावली पर्व के अवसर पर शहर के दलदली रोड स्थित आशियाना वृद्धाश्रम ले जाया गया। बच्चों के द्वारा उन वृद्धजनों को साड़ियां और धोतियां भेंट की गई जो वृद्धजन अपने परिजनों के साथ दीपावली का पर्व नही मना पाते। साथ ही बच्चों ने वृद्धजनों के साथ डांस और गेम में भी शामिल हुए।

## जमीन बेचने फर्जी इकरारनामा कर 41 लाख की ठगी

**रायपुर।** खरोरा थाने में एक व्यक्ति ने एक प्रॉपर्टी डीलर के खिलाफ जमीन बेचने का झांसा देकर 41 लाख रुपए ठगी करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। प्रॉपर्टी डीलर ने पीड़ित को सस्ती कीमत पर 40 एकड़ जमीन दिलाने का झांसा देकर ठगी का शिकार बनाया है।

पुलिस के मुताबिक, शंकर नगर, बैनियन ट्री एनक्लेव निवासी प्रवीण कुमार मलिक ने न्यू राजेंद्र नगर निवासी बृजेंद्र बहादुर सिंह के खिलाफ ठगी की शिकायत दर्ज कराई है। प्रवीण ने पुलिस को बताया कि बृजेंद्र ने उसे खरोरा स्थित भटिया गांव में 40 एकड़ कृषि भूमि प्रति एकड़ नौ लाख 51 हजार रुपए में बेचने का सौदा कर ठगी का शिकार बनाया है।

## करंट से हाथियों की मौत मामले में बिजली अफसर के खिलाफ पीओआर दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

रायगढ़ वनमंडल के घरघोड़ा वनपरिक्षेत्र के चुहकीमार नर्सरी में तीन हाथी शावक, जिसमें एक एलू मदर थी की करंट से मौत के मामले में हाईकोर्ट ने स्वतः संज्ञान लेते हुए वन अफसरों से जवाब मांगा है। हाथी शावकों की मौत मामले में रायगढ़ डीएफओ स्टाइलो मंडावी ने एक डिप्टी रेंजर तथा एक फारेस्ट गार्ड को निलंबित करने का आदेश जारी किया है। इसके ही मामले की गंभीरता को देखते हुए वन डीएफओ के निर्देश पर बिजली विभाग के एक जेई तथा अन्य के खिलाफ पीओआर दर्ज करने के निर्देश दिए हैं।

गौरतलब है कि पिछले सप्ताह घरघोड़ा में तीन हाथी शावकों की 11 केवी लाइन के चपेट में आने से मौत हुई थी। 11 केवी वायर के टूटकर गिरने से हाथी शावकों की मौत हुई थी। हाथियों की मौत मामले की प्रारंभिक जांच में बिजली विभाग की लापरवाही पाई गई थी। साथ ही बिजली तार निचे लटक रहा था। इस बात की जानकारी डिप्टी रेंजर तथा फारेस्ट गार्ड द्वारा अपने अफसरों के अलावा बिजली विभाग के अफसरों को नहीं देने पर निलंबन की कार्रवाई की गई। रायगढ़ डीएफओ के मुताबिक मामले की पड़ताल की जा रही है। जांच में जो लोग दोषी पाए जाएंगे, उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।



### परिवार को साथ लेकर चलने वाली होती है एलू मदर

करंट की चपेट में आने से जिन तीन हाथियों की मौत हुई है। वो तीनों मादा हाथी है। इनमें एक ढाई साल की मादा हाथी है। मृत हाथियों में एक 12-13 साल की मादा शावक है। हाथी परिवार में मादा शावक की उम्र 12-13 साल की होती है तो वह अपने परिवार को साथ लेकर चलने के साथ हाथी परिवार में शामिल अन्य शावक हाथियों के केयर करने के साथ उनकी देख-रेख करने का काम करती है। व्यस्क होने के बाद एलू मदर हाथी परिवार की मुखिया बनती है।

## दंतेवाड़ा में बिगड़ी मोतियाबिंद की सर्जरी, 12वां मरीज भी पहुंचा आंबेडकर अस्पताल, रोशनी लौटने पर संशय

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



दंतेवाड़ा जिला अस्पताल में मोतियाबिंद की सर्जरी में लापरवाही का शिकार हुआ 12वां मरीज भी आंबेडकर अस्पताल पहुंच गया है। सर्जरी के बाद विशेष वार्ड में उनकी निगरानी की जा रही है। कुछ प्रभावित मरीजों की आंखों की रोशनी लौटेगी अथवा नहीं, इस पर संशय की स्थिति बनी हुई है। दंतेवाड़ा जिला अस्पताल में मोतियाबिंद सर्जरी के बाद आंखों में हुए संक्रमण के बाद कई मरीजों की रोशनी जाने का खतरा बना हुआ है। इस लापरवाही के बाद विभागीय सक्रियता दिखाते हुए ऑपरेशन करने वाली सर्जन तथा दो अन्य कर्मचारियों को निलंबित किया जा चुका है। वहीं आंखों में जलन सहित अन्य तरह की शिकायत होने वाले मरीजों को आंबेडकर अस्पताल भेजा जा रहा है। सोमवार की रात 12वां मरीज यहां पहुंचा, जिनकी सर्जरी की गई है। आंबेडकर अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. संतोष सोनकर द्वारा इस मामले में जारी मेडिकल बुलेटिन में बताया गया है कि मरीजों की जांच के लिए रेटिना यूनिट की डॉ. अमृता वर्मा, डॉ. संगीता ठाकुर और डॉ. प्रांजल मिश्रा को जिम्मेदारी दी गई है, जो आवश्यकता अनुसार मरीजों का इंट्राविकट्रीयल इंजेक्शन व विक्ट्रेक्टॉमी उपचार कर रहे हैं। बताया गया है कि सभी मरीजों की स्थिति स्थिर है एवं संक्रमण नियंत्रण में है। लापरवाही के शिकार कितने मरीजों की आंखों की रोशनी लौटेगी, इस पर संशय की स्थिति बनी हुई है। अस्पताल प्रबंधन भी इस मामले में अभी स्पष्ट रूप से कुछ नहीं बोल पा रहा है।

**कांग्रेस चिकित्सा प्रकोष्ठ पहुंचा अस्पताल :** कांग्रेस चिकित्सा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष डा. राकेश गुप्ता के नेतृत्व में डॉ. नरेन्द्र भुवाल, डा. सत्यजीत साहू सहित अन्य ने नेत्र विभाग में भर्ती मरीजों से मुलाकात की। उन्होंने मरीजों और उनके परिजनों से हाल-चाल जाना। डॉ. गुप्ता ने आरोप लगाया है कि विभागीय लापरवाही की वजह इंफेक्शन हुआ है। टार्गेट पूरा करने के दवाब में वहां के चिकित्सकीय स्टाफ ने तय मापदंड का पालन किए बिना ऑपरेशन कर डाला जिससे मरीजों की आंखों में इंफेक्शन हो गया।







## स्टेशन की भीड़ संभालने अब प्लेटफार्म पर ज्यादा जवान तैनात, बुजुर्गों के बने मददगार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



दीपावली के करीब आते ही ट्रेनों और प्लेटफार्म पर भीड़ बढ़ने लगी है। अब आरपीएफ ने प्लेटफार्म पर भीड़ को नियंत्रित करने अतिरिक्ति बल लगाया है, जो यात्रियों को भीड़ के दौरान ट्रेन में चढ़ने व उतरने में मदद कर रहे हैं। मुंबई में भगदड़ के बाद हरिभूमि ने रायपुर में हालत बिगड़ने को लेकर खबर प्रकाशित की थी, जिसके बाद आरपीएफ ने अतिरिक्त बल प्रत्येक प्लेटफार्म पर तैनात किया है। सोमवार को रात्रिकालीन जवान प्लेटफार्म पर ट्रेन के आने के बाद यात्रियों को निगरानी करते नजर आए। भीड़ के कारण जिन बुजुर्गों को ट्रेन में चढ़ने दिक्कत हो रही थी, उन्हें आरपीएफ के जवानों ने ट्रेन में चढ़ने और उतरने में भी मदद की। प्रभारी निरीक्षक एसके दत्ता ने बताया कि स्टेशन में अनाउंसमेंट के जरिए अब यात्रियों को जागरूक किया जा रहा, ताकि एक जगह पर यात्री एकत्रित न हों और जल्दबाजी में ट्रेन में चढ़ते समय यात्री गिर न जाएं।

एक समय में जब दो ट्रेन आती है, उस समय ही स्टेशन में भीड़ बढ़ जाती है। यात्रियों के बीच चढ़ने और उतरने के दौरान किसी भी तरह का कोई विवाद न हो, इसलिए आरपीएफ जवान को तैनात किया गया है। यही वजह है कि अब स्टेशन में धीरे-धीरे भीड़ नियंत्रित हो रही है।

### चोरों को पकड़ने विशेष अभियान

दीवापली पर भीड़ बढ़ने से स्टेशन में चोरी के मामले भी बढ़ जाते हैं, जिसे लेकर अब रायपुर में प्लेटफार्म पर यात्रियों को जागरूक कर रहे हैं कि फोन में चार्जिंग में डालकर न सोएं। सीसीटीवी की मदद से चोरों की पहचान कर पकड़ा जा रहा है। ट्रेन के भीतर भी स्काउटिंग कर रहे जवान भी यात्रियों को सामान की सुरक्षा करने को लेकर जागरूक कर रहे हैं।

### चेन पुलिंग के मामले में आई कमी

पहले एक प्लेटफार्म पर एक ही जवान को तैनात किया जाता था, लेकिन भीड़ से यात्रियों को बचाने और व्यवस्था को सुधारने के लिए 6 से अधिक जवानों को तैनात किया जा रहा है। ट्रेन के प्लेटफार्म पर खड़े होने के बाद रवाना होने तक आरपीएफ के जवान यात्रियों पर निगरानी रख रहे हैं, ताकि कोई भी यात्री जल्दबाजी के चक्कर में अपनी जिंदगी को खतरे में न डाले। ट्रेन के आने से पहले ही प्लेटफार्म पर भीड़ कम किया जा रहा है, ताकि यात्री को किसी भी तरह की दिक्कत न हो। अतिरिक्त जवानों की तैनाती से अब चेन पुलिंग के मामले में कमी आई है। ट्रेन के भीतर जवान यात्रियों की समस्या दूर कर रहे हैं।




विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130







आपके विश्वास का तीसरा वर्ष
भवानी ज्वेलर्स
महामाया मंदिर के पास, महासमुंद (छत्तीसगढ़)
सोने-चांदी के छत्तीसगढ़ी, फैन्सी एवं सभी प्रकार के आभूषणों के विक्रेता
श्रीमती दुर्गा पोद्दार, अनिल चौधरी, हर्षवर्धन चौधरी
9399407251, 8770668185

आपकी संतुष्टि हमारा लक्ष्य...
गोलछा साड़ीज
धनतेरस एवं दीपावली के शुभ अवसर पर फैंसी वैवाहिक साड़ियों एवं सलवार सूट का विशाल संग्रह
स्टेशन रोड, महासमुंद छ.ग. 493445, फोन : 07723223100

श्री गोलछा इलेक्ट्रॉनिक्स
एलईडी टीवी, वॉशिंग मशीन, फ्रीज, माइक्रोवेव, कूलर, पंखा, इलेक्ट्रानिक्स फर्नीचर्स, सामानों के विक्रेता
BAJAJ FINSERV 0% ब्याज दर पर
स्टेशन रोड, महासमुंद मो. 94255-06161

Mom's Choice
KIDS WEAR & ACCESSORIES
वेस्टर्न • फूल सुट • चुड़ीदार • बाबा सुट • लायचा • जिन्स • स्कर्ट मिड़ी • टी-शर्ट • फ्रॉक • नाईट वेयर • शेरवानी पार्टी वेयर
मॉम्स चॉइस किड्स वियर बच्चों के कपड़ों की नई रेंज (0 से 15 साल तक)
7987764812, 7723796870 | श्रीराम इनफिनीटी, बी.टी.आई. रोड, बिजली ऑफिस के पास, महासमुंद (छ.ग.)
सोमेश्वर सिंह ठाकुर

समस्त क्षेत्रवासियों को दीपावली, गोवर्धन पूजा, भाईदूज की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
केके मशीनरी स्टोर्स एवं इंजीनियरिंग वर्कशॉप खैराभांठा
गव्यांश किराना एवं जनरल स्टोर्स लभराखुर्द
ट्रेक्टर कम्बाईन हार्वेस्टर का स्पेयर सामान 7970119341, 7970119342
शक्तिमान रोटोवेटर,के.एस.दसमेश, बलकार, स्टेण्डर एनबीसी बेरिंग, पीआईएक्स बेल्ट, पुल्ली, टीव्हीएस बोल्ट, ग्रीस, ऑयल इत्यादि उपलब्ध
बागबाहरा रोड, संजय कानन के सामने-महासमुंद

## खबर संक्षेप

### जातिसूचक गाली देकर मारपीट, अपराध दर्ज



**महासमुंद।** पूजा के दौरान पंगत में प्रसाद ग्रहण कर रहे दो लोगों के साथ जातिसूचक गाली देते हुए मारपीट किए जाने का मामला सामने आया है। बसना पुलिस ने बताया कि ग्राम जमड़ी के भरत डडसेना के घर 5 सितंबर को सत्यनारायण पूजा के बाद पंगत में प्रसाद ग्रहणकर रहे अजय कुमार लोहा पिता शोभित राम लोहा और संजय सागर पिता शक्राजीत सागर के साथ जमड़ी के विजय कुमार पटेल ने जातिसूचक गाली गलौज करते हुए हाथ मुक्का से मारपीट किया। मामले की रिपोर्ट पर बसना थाने में आरोपी के खिलाफ धारा 296 बीएनएस, 3(1)(द), 3(2)(व) एसटीएससी एक्ट के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

**जागरूक:** स्वयंसेवक और यातायात पुलिस की रही चौराहों पर तैनाती

# त्योहारी सीजन में यातायात की कमान संभालने सड़क पर उतरे स्वयंसेवक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जारी त्यौहारी माहौल के चलते इन दिनों शहर के मुख्य मार्ग एवं चौक चौराहों में भारी भीड़ का आलम है। ऐसे में यातायात व्यवस्था को सुचारु रखने शासकीय पॉलीटेक्निक में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के स्वयंसेवकों ने यातायात पुलिस का सहयोग करते हुए एक नई पहल की।

युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार की इस पहल के अंतर्गत तीन दिवसीय कार्यक्रम का समापन धनतेरस के अवसर पर 29 अक्टूबर को हुआ। जिसमें स्वयंसेवकों ने शहर के विभिन्न प्रमुख क्षेत्रों में ट्रैफिक व्यवस्था में सहायता प्रदान की। सेवा से सीखे कार्यक्रम के तहत शहर के प्रमुख स्थानों बरोंडा चौक, कांग्रेस भवन चौक आदि जगह यातायात एवं पार्किंग व्यवस्था को सुचारु रूप से



संचालित करने में स्वयंसेवकों ने यातायात पुलिस का पूरा सहयोग किया। ट्रैफिक प्रभारी ने स्वयंसेवकों को तीन टीमों में बांटा, जो अलग-अलग क्षेत्रों में अपनी सेवाएं दे रही थीं। कचहरी चौक में गुलशन साहू, फाल्गुन सिदार, अहिंसा चौक में सौरभ सिन्हा, गुलशन पटेल, बिठोबा टॉकीज रोड चौक में पंकज साहू, गोवर्धन सिंह रहे। सभी स्वयंसेवकों ने अपनी जिम्मेदारियों का उत्साहपूर्वक निर्वहन किया और शहर की ट्रैफिक व्यवस्था को सुगम बनाने में अपना अमूल्य योगदान दिया। शहर के व्यस्ततम सड़कों पर ट्रैफिक व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने में किए गए उनके योगदान के लिए उन्हें नागरिकों द्वारा भी प्रशंसा मिली।

### पोर्टल की वर्षगांठ पर हुआ नवाचार

युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार द्वारा मायभारत पोर्टल की प्रथम वर्षगांठ के उपलक्ष्य में यह कार्यक्रम रासेयो क्षेत्रीय निर्देशालय भोपाल के निर्देशानुसार तथा प्राचार्य चंद्रिका विश्वकर्मा शासकीय पॉलीटेक्निक महासमुंद, प्रोग्राम कॉर्डिनेटर डॉ. डीएस रघुवंशी (सीएसवीटीयू भिलाई) और डॉ. मालती तिवारी जिला संगठक रासेयो महासमुंद के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। यातायात पुलिस के उप-पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में कार्यक्रम का संचालन रासेयो के कार्यक्रम अधिकारी सालिक राम ढीमर एवं ट्रैफिक इंचार्ज आनंद घृतलहरे के निर्देशन में किया गया। अंत में यातायात पुलिस द्वारा सभी स्वयंसेवकों को ट्रैफिक पुलिस की टोपी पहनाकर उनका उत्साहवर्धन करते हुए कार्य की सराहना की गई।

# नेशनल हाईवे पर मिला अधेड़ का शव, हत्या की आशंका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

कबड्डी का मैच देखने गए एक अधेड़ का शव मिला है। मृतक के शरीर पर चोट और गला घोंटने के निशान पाए जाने पर पुलिस ने प्रथम दृष्टया हत्या का मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। पटेवा पुलिस ने बताया कि 27 अक्टूबर को 3 बजे नवागांव पड़ाव-बोड़रा पड़ाव के मध्य एनएच 53 पर एक व्यक्ति का शव पाया गया था। जिसकी जांच के दौरान मृतक अज्ञात पुरूष उम्र करीबन 40-45 वर्ष के परिजन भाई मंशाराम साहू, मनोहर साहू के द्वारा अपने बड़े भाई आशाराम साहू पिता धरमू साहू (48 साल) निवासी गढसिवनी थाना तुमगांव जिला महासमुंद के रूप में पहचान किया गया। साथ ही शरीर में पहने हुए हरे काई रंग के फूल शर्ट, मटमैला रंग के फूल पैंट को मृतक आशाराम साहू का नहीं होना बताया। वहीं अंडरवियर एवं सेंडो को मृतक का होना बताया। पुलिस की पूछताछ में मृतक के परिजनों ने बताया कि आशाराम साहू 26 अक्टूबर की रात खाना खाकर गांव में आयोजित कबड्डी देखने गया था, जो 27 अक्टूबर की सुबह तक घर वापस नहीं आया था। जिसकी तलाश की जा रही थी, तभी पता चला कि नवागांव-बोड़रा पड़ाव एनएच 53 रोड के मध्य एक व्यक्ति का एक्सीडेंट हुआ है, जिसका शव सरकारी अस्पताल तुमगांव में रखा है। तब सरकारी अस्पताल तुमगांव जाकर देखा गया तो आशाराम साहू का शव चीरघर में रखा हुआ है। मृतक आशाराम साहू के सिर, चेहरा एवं शरीर में गहरे चोट-खरोच का निशान दिखाई दे रहे थे, वहीं रस्सी या कपड़े से गला घोंटने जैसा काला निशान गले में दिख रहा था। पुलिस ने मर्ग जांच के दौरान शव निरीक्षण एवं मृतक के परिजनों के कथनानुसार मृतक आशाराम साहू के गले में रस्सी या कपड़े से गला घोंटने जैसा निशान एवं शरीर में आई चोट के आधार पर अज्ञात आरोपी पर धारा 103(1) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

### सार्वजनिक स्थल पर शराब पीने वालों पर कार्रवाई

**महासमुंद।** सार्वजनिक स्थल पर शराब पी रहे दो लोगों के खिलाफ बागबाहरा पुलिस ने अपराध दर्ज किया है। पुलिस ने बताया कि पेट्रोलिंग के दौरान ग्राम घुंचापाली के आम रोड में कुछ लोगों के द्वारा बीच रोड में बैठकर शराब का सेवन किया जा रहा था। इन लोगों ने पुलिस को देखकर शराब की शीशीयों को तोड़कर नष्ट कर दिया। जब घेराबंदी कर पकड़ा गया तो आरोपियों ने अपने नाम मनीष कुमार पिता गेंदराम नारंग (27 साल) और दीपक पिता तेजू राम नारंग (24 साल निवासी वार्ड नं 13 मनबाय बताए। आरोपियों के खिलाफ धारा 36(च)(1) आबकारी एक्ट के तहत अपराध दर्ज किया गया।

## पर्व पर खरीदी



महासमुंद। धनतेरस पर्व को लेकर मंगलवार को सराफा बाजार में भारी भीड़ रही।

# राष्ट्रीय एकता दौड़ का आयोजन, शपथ भी दिलाई

## नपाध्यक्ष एवं कलेक्टर ने हरी झंडी दिखाकर दौड़ को किया प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150 वीं जयंती के अवसर पर कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के निर्देशन में जिला प्रशासन तथा खेल एवं युवा कल्याण के तत्वावधान में राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर 29 अक्टूबर को शासकीय आदर्श उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में एकता दौड़ का आयोजन सुबह 7:45 बजे से किया गया।

एकता दौड़ का आयोजन विद्यालय परिसर से प्रारंभ होकर बरोंडा चौक, शास्त्री चौक, सतबहनिया चौक, गांधी चौक, नेहरू चौक होकर शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में संपन्न हुई। प्रतिवर्ष 31 अक्टूबर को सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती बड़े ही उत्साह के साथ मनाई जाती हैं। आयोजन में मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष राशि महिलांग, कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने हरी झंडी दिखाकर दौड़ को रवाना किया। साथ ही सभी ने उत्साहपूर्वक दौड़ लगाई। दौड़ में जनप्रतिनिधि, अधिकारी/कर्मचारी, नागरिक, पत्रकार, एनसीसी, स्काउट एंड गाइड, खेल संघ व संस्था के पदाधिकारी एवं खिलाड़ी, विद्यालय एवं महाविद्यालय के छात्र-छात्रा ने रैली निकाली एवं नारे लगाए तथा उत्साह के साथ दौड़ में शामिल हुए। नगर पालिका अध्यक्ष राशि महिलांग ने क्षेत्रवासियों को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय एकता दिवस की शपथ दिलाई। आयोजन में दाऊलाल चंद्राकर जिला सलाहकार भारत स्काउट एवं गाइड, येतराम साहू जिलाध्यक्ष भारत स्काउट एवं गाइड, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व हरिशंकर पैकरा, सीईओ महासमुंद दीनदयाल मंडावी, डीईओ मोहन राव सावंत उपस्थित रहे।

आयोजन को सफल बनाने में शिक्षा, पुलिस, स्वास्थ्य, नगर पालिका, स्काउट एंड गाइड, नेहरू युवा केंद्र के साथ विकासखंड शिक्षा अधिकारी लीलाधर सिंहा, जागेश्वर सिंहा, उप प्राचार्य सीएल चंद्राकर, भूत पूर्व सैनिक युवराज सिंह चंद्राकर, कनक राम निषाद, तुलेंद्र सागर, प्रमोद कन्नौजे, तिलक साव, राम कुमार साहू, लता वैष्णव, हितेश यादव, वैशाली ठाकुर, अंजनी साहू, एवन कुमार साहू, गणेश राम कोसरे, कमला मांझी, कामता साहू, वेद राम का सहयोग रहा।

पाठक सूचना
महासमुंद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9981131365, 9098324969

## खबर संक्षेप



### धूमधाम से मनाया पूर्व नपाध्यक्ष का जन्मदिन

**महासमुंद।** भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश कोषाध्यक्ष व पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष प्रकाश चंद्राकर का जन्मदिन समर्थकों ने उत्साह के साथ मनाया। समर्थकों, कार्यकर्ताओं व शुभचिंतकों ने दूरभाष, सोशल मीडिया के माध्यम से शुभकामनाएं प्रेषित की। विभिन्न स्थानों पर चंद्राकर के जन्मदिन कार्यक्रम के दौरान प्रमुख रूप से भाजपा प्रदेशाध्यक्ष पिछड़ा वर्ग मोर्चा व नपं तुमगांव अध्यक्ष राकेश चंद्राकर, पार्षद महेंद्र जैन, पूर्व नपाध्यक्ष पवन पटेल, भाजपा नेता संदीप घोष, भाजपा नेता राजू बाघमारे, गोपाल चंद्राकर, संतोष वर्मा, भाऊराम साहू, विक्की महानंद, सुरेखा कंवर, नरेश नायक, मन्नू मोंगरे सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।




### धनतेरस पर्व पर बनाई रंगोली

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा में धनतेरस पर्व पर युवतियों ने रंग बिरंगी रंगोली बनाई। खुशबू, जागृति, साक्षी, मेघा, प्रियंका, आक्या ने कहा कि हिंदू धर्म में धनतेरस का पर्व हर साल कार्तिक महीना के त्रयोदशी तिथि को मनाया जाता है और धनतेरस पर्व से पांच दिनों तक चलने वाला दीपावली का उत्साह शुरू हो जाता है।

### फोटोयुक्त निर्वाचक नामावलियों का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण प्रारंभ

**महासमुंद।** फोटोयुक्त निर्वाचक नामावलियों का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 1 जनवरी 2025 की अर्हता तिथि की स्थिति में निर्वाचक नामावलियों का प्रारंभिक प्रकाशन जिले के समस्त मतदान केंद्रों और निर्वाचक रजिस्ट्रेशन कार्यालयों में किया गया है। मतदाता अपने नाम जोड़ने, सुधारने या विलोपित करने के लिए 28 नवंबर 2024 तक दावा-आपत्ति दर्ज करा सकते हैं। मतदाता द्वारा अपना दावा आपत्ति बीएलओ या ऑनलाइन ओटर हेल्पलाइन एप, वोटर्स डॉट ईसीआई डाट जीओवी डाट इन के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। बता दें कि वर्तमान में जिले में पुरुष मतदाता 4, 25, 669, महिला मतदाता 4, 42, 150 एवं 18 तृतीय लिंग मतदाता है। इस प्रकार कुल 8, 67, 837 पंजीकृत मतदाता हैं।

### विवाह से पूर्व वर-वधू को अनापत्ति प्रमाण लेने पर की गई चर्चा

**कांकेर।** राजपूत क्षत्रिय महासभा उप समिति की सामान्य सभा की बैठक रविवार को महाराणा प्रताप मंगल भवन बरदेभाटा में हुई। बैठक में महासभा से प्राप्त निर्देशों से सदन को अवगत कराया गया। विवाह से पूर्व वर-वधू के लिए समाज से अनापत्ति प्रमाण लेने की अनिवार्यता पर जोर दिया। समाज से असंबधितों या अन्य समाज से किए जा रहे विवाह को लेकर गंभीर चिंता व्यक्त की। बैठक में भवन रख रखाव के साथ समाज को संगठित करने के लिए भी चर्चा किया गया।

**आयोजन:** विखं स्तरीय स्काउट-गाइड तृतीय सोपान शिविर में पहुंची सांसद

# विषम परिस्थितियों से लड़कर सभी मजबूती से आगे बढ़ें : रूपकुमारी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सरायपाली

ग्राम लंबर में भारत स्काउट्स एंड गाइड्स द्वारा तृतीय सोपान शिविर का समापन समारोह हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रुपकुमारी चौधरी सांसद लोकसभा महासमुंद, अध्यक्षता डॉ. एनके.अग्रवाल, अतिविशिष्ट अतिथि शीत गुप्ता अध्यक्ष स्थानीय संघ एवं विशिष्ट अतिथि रमेश अग्रवाल, जितेंद्र त्रिपाठी, माधव साव, प्रहल्लाद साहू, नवीन साव, नरहरी पोर्ते, उपाध्यक्षगण विकास वाधवा, कामेश बंजारा, मोहित पटेल, डॉ.अरुणा अग्रवाल, लोचना गजेंद्र, सुशीला मलिक सरपंच गढ़फुलझर, जिला पंचायत सदस्य वृंदावती सोमनाथ पांड़े, डॉ. पूर्णानंद मिश्रा बीआरसी, उग्रसेन पटेल, किशोर ओगरे, बलदेव मिश्रा, सीडी बघेल, शुकदेव वैष्णव उपस्थित रहे। सभी अतिथियों का स्कार्फ लगाकर स्वागत किया गया।

स्काउट गाइड द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम में सुआ, राउत नाचा, कर्मा, ददरिया, साहसिक गतिविधि में प्राथमिक उपचार एवं प्रहसन प्रस्तुति दिया गया। शिविर संचालक गिरीश पाढ़ी द्वारा शिविर प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया। मुख्य अतिथि सांसद रुपकुमारी चौधरी ने कहा कि बेटी हमारे हर जगह मजबूती के साथ आगे बढ़ रही है। एक समय था जब बेटी से ज्यादा बेटा होने पर मिठाई व पटाखे फोड़े जाते रहे। आगे उन्होंने कहा कि सभी आत्मनिर्भर बन समाज में अपना स्थान बना सकते हैं। अच्छे चरित्र का निर्माण कर विषम परिस्थितियों से लड़कर मजबूती से आगे बढ़ने के लिए शिविरार्थियों, स्काउटर्स, गाइडर्स एवं उपस्थित नागरिकों को प्रेरित किया। अध्यक्षता कर रहे समाजसेवी व बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के पदाधिकारी डॉ. एनके अग्रवाल ने स्काउट के नियम, प्रतीज्ञा, सेवा कार्य एवं उद्देश्यों को विस्तार से बताते हुए कहा कि स्काउटिंग व्यक्तिगत विकास के लिए एक बेहतरीन मंच है, जो हमें आत्मविश्वास, आत्मसम्मान और आत्मनिर्भरता विकसित करने के अवसर प्रदान करता है। भारत स्काउट्स एवं गाइड्स संघ बसना के अध्यक्ष शीत गुप्ता ने शिविर में प्रतिभागी छात्र-छात्राओं को सहभागिता के लिए आभार प्रकट करते हुए कहा कि हमें जीवन में आगे बढ़ने के लिए दौड़ना होगा। स्काउट-गाइड बच्चों को आत्मनिर्भर होकर अनुशासन में रहने का सीख देता है। इस अवसर पर भारत स्काउट्स एवं गाइड्स संघ के विकासखंड के सभी स्काउट्स 187, गाइड्स 280 एवं प्रभारी 23, प्रशिक्षक मंडल 19, सर्विस रोवर 13, कुल 522 शिविर में प्रशिक्षण प्राप्त किया। इस शिविर में शिविर संचालक गिरीश कुमार पाढ़ी एवं प्रशिक्षक दल द्वारा प्रार्थना, झंडा गीत, नियम, प्रतिज्ञा, राष्ट्रगान, राष्ट्रगीत, स्काउटिंग के इतिहास, आंदोलन का ज्ञान, ध्वजों की जानकारी, ध्वज शिष्टाचार, दीक्षा संस्कार, टोली विधि, यूनिफार्म, प्रथम सोपान की गाठें, प्राथमिक चिकित्सा, अनुमान लगाना, द्वितीय सोपान व तृतीय सोपान की गांठें, लेसिंग, दिशा ज्ञान, कंपास नक्शा का ज्ञान, आग जलाना व भोजन बनाना, एटीएम और मोबाइल का सुरक्षित इस्तेमाल करना, बेसिक इलेक्ट्रिकल और इलेक्ट्रॉनिक्स उपकरणों का इस्तेमाल करना, घर के लिए छोटे गैजेट बनाना, आग से जुड़े बचाव और सुरक्षा के नियम, ट्रैफिक नियम आग बुझाने के तरीके, सूखी घास में लगी आग को काबू में करना, अग्निशमन यंत्र के प्रकार और उनका इस्तेमाल करना, कैंपिंग कौशल, तैराकी सुरक्षा, पैयोनियरिंग प्रोजेक्ट आकलन तकनीक, बुनियादी प्राथमिक चिकित्सा उपचार, रस्सी से गांठें बांधना, तंबू खड़ा करना और उसे तोड़ना, सिग्नलिंग करना, दिशाओं को जानने के लिए तीन नक्षत्रों को जानना, लाग बुक का निर्माण करने की विधि आदि शिविर में उपस्थित शिविरार्थी सीख पाए।




## रक्तदान सेवा समिति ने अस्पताल में मरीजों को बांटे कंबल-गर्म कपड़े

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सरायपाली

ठंड का मौसम धीरे-धीरे आ रहा है ऐसे में लाज़मी है कि ठंड से बचने के लिए घर में रहकर अनेक तरह के उपाय किया जा सकता हैं, लेकिन जब व्यक्ति और बीमारी से ग्रसित रहे और हॉस्पिटल में एडमिट रहे अनेक तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इसी को ध्यान रखते हुए ही नगर के समाज सेवक पुरुषोत्तम प्रधान, मुस्तफीज आलम और उनके सहयोगियों ने मिलकर पुरूष जनरल वार्ड व महिला जनरल वार्ड में एडमिट सभी मरीजों के ठंड से बचने के लिए कंबल बांटे। इसके साथ ही कुपोषित बच्चों का वार्ड में छोटे बच्चों के ठंड से बचने के लिए मोज़ा, कानटोप और अन्य गरम कपड़े बांटे। इस तरह का कार्य मानव समाज के लिए प्रेरणादायक रहता है। इसमें सभी व्यक्तियों को प्रेरित होकर सामाजिक कार्यों में रुचि दिखाना चाहिए। ताकि, आगे चलकर हम एक उन्नत समाज एवं राष्ट्र का निर्माण कर सके। बता दें कि पुरूषोतम प्रधान और मुस्तफ़ीज आलम पिछले ग्यारह वर्षों से रक्तदान सेवा समिति छत्तीसगढ़ का संस्थापक के रूप में सेवा दे रहे हैं, जो समिति आज लगभग 90 हज़ार ब्लड के जरूरतमंद मरीजों निःशुल्क ब्लड अथवा रक्तदाता उपलब्ध कराते आ रहे हैं। साथ ही दोनों समाज सेवक अन्य क्षेत्रों में अपनी जनसेवा का योगदान देते रहते हैं, पुरुषोत्तम प्रधान और मुस्तफ़ीज आलम रक्तदान सेवा क्षेत्र में एक बहुत बड़ी उपलब्धि हासिल कर चुके हैं और इनके टीम अथवा समिति के पास लाखों रक्तदाताओं का नाम, पता, ब्लड ग्रुप का डाटा उपलब्ध है, इसी के माध्यम से ब्लड के जरूरतमंद मरीजों को निःशुल्क ब्लड अथवा रक्तदाता उपलब्ध कराते हैं। पुरुषोत्तम प्रधान ने बताया कि वह रक्तदान क्षेत्र में जनसेवा के साथ-साथ प्रत्येक क्षेत्र में लोगों के लिए हर तरह से संभव मदद करते रहते हैं। क्योंकि, उनका मानना है कि लोगों के मुसीबत में काम आना ही सच्ची ईश्वर पूजा है। मुस्ताफीज आलम ने बताया कि रक्तदान सेवा समिति पूरे छत्तीसगढ़ में एकमात्र ऐसी समिति है जो विगत ग्यारह वर्षों से ब्लड के ज़रूरतमंद मरीजों के साथ प्रतिबद्धता के साथ खड़ी है। यह समिति सबसे पुरानी समिति और विश्वसनीय समिति है। लोगों का विश्वास हमारे समिति और हमारी टीम के साथ है और हम आगे चलकर शासकीय ब्लड बैंक के लिए एक विशाल रक्तदान शिविर आयोजन करेंगे।



## डीजे डांस एवं सांस्कृतिक संध्या कार्यक्रम में शामिल होने छिंदौली पहुंचे विधायक

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बागबाहरा

खल्लारी विधानसभा क्षेत्र के ग्राम छिंदौली में दिव्य प्रकाश नवयुवक समिति द्वारा आयोजित डीजे डांस प्रतियोगिता एवं सांस्कृतिक संध्या कार्यक्रम पूर्व संसदीय सचिव व वर्तमान विधायक द्वारिकाधीश यादव के मुख्य आतिथ्य में हुआ। ग्राम देवी देवताओं की पूजा अर्चना के साथ धनतेरस एवं दीपावली के आगमन पर आयोजित डीजे डांस प्रतियोगिता एवं सांस्कृतिक संध्या का आगाज हुआ। विधायक यादव ने कहा कि ऐसे ही कार्यक्रम हमारी प्राचीन सांस्कृतिक धरोहर को संभाले हुए हैं, जिनके चलते हमारे प्रियजनों से हमारी मुलाकात होती रहती है।

इस अवसर पर ब्लॉक उपाध्यक्ष महेंद्र साहू, आनंद राम ठाकुर, इंदल सिंह मांझी, सीताराम ठाकुर, कन्हैया लाल यादव, नकुल निषाद, परमानंद चौहान, प्रीतम ठाकुर, मंगल सिंह ठाकुर समेत सहित क्षेत्र के जनप्रतिनिधिगण, ग्रामीणजन उपस्थित रहे।




## सूबेदार, एसआई एवं प्लाटून कमांडर में नवकिरण के अभ्यर्थियों का हुआ चयन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ महासमुंद

जिला प्रशासन महासमुंद द्वारा कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के मार्गदर्शन एवं नोडल अधिकारी व डिप्टी कलेक्टर शुभम देव के दिशा निर्देश में संचालित नवकिरण अकादमी व जिला ग्रंथालय युवाओं को प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी के लिए नियमित रूप से संचालित है। जारी विज्ञप्ति में डी. बसंत साव जिला समन्वयक नवकिरण अकादमी व जिला ग्रंथालय ने बताया कि छत्तीसगढ़ पुलिस विभाग ने सूबेदार/एसआई कैडर/प्लाटून कमांडर भर्ती 2021 के फाइनल नतीजे घोषित कर दिए हैं। जिसमें नवकिरण अकादमी व जिला ग्रंथालय के आधे दर्जन से अधिक अभ्यर्थियों का चयन हुआ है । राज्य के प्रावीण्य सूची में द्वितीय स्थान तिलक देवांगन (सूबेदार) ने प्राप्त किया है। उनके साथ ही भारती मांडले (एसआई), भाग्यश्री ध्रुव (एसआई), प्रदीप दीवान (एसआई), निलेश कुमार साहू (प्लाटून कमांडर), मयंक सिन्हा (प्लाटून कमांडर) का चयन हुआ है। ज्ञातव्य हो कि प्रावीण्य सूची में द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले तिलक देवांगन की पत्नी भारती देवांगन भी प्रावीण्य सूची में जगह बनाई है तथा वह भी सूबेदार का पद प्राप्त की है। यह शहर के लिए भी गौरव का विषय है।

इस उपलब्धि के लिए विनय कुमार लंगेह कलेक्टर व अध्यक्ष नवकिरण अकादमी प्रबंधन व संचालन समिति, शुभम देव नोडल अधिकारी व डिप्टी कलेक्टर महासमुंद नवकिरण अकादमी, मोहन राव सावंत जिला शिक्षा अधिकारी व सदस्य सचिव नवकिरण अकादमी व जिला ग्रंथालय, एमजी सतीश नायर सहायक संचालक, कमल नारायण चंद्राकर, रेखराज शर्मा, रीता पांडे, दुर्गावती भारतीय, गजेंद्र ध्रुव, डी. बसंत साव जिला समन्वयक नवकिरण अकादमी व जिला ग्रंथालय, मनोज पुरी गोस्वामी, नवकिरण अकादमी के विषय विशेषज्ञ-चंद्रशेखर साहू, हरिशंकर पटेल, सौरभ जैन, राजदीप साहू, देवेंद्र निषाद, ग्रंथपाल-भागवत प्रसाद पटेल, यश चक्रधारी, विवेक चंद्राकर, परस कमार, सौरभ सोनवानी, टकेश साहू सहित अध्यनरत समस्त अभ्यर्थियों ने हर्ष जताया है। वर्तमान में नवकिरण अकादमी में दो पालियों में मॉर्निंग और इवनिंग पाली में सीजीपीएससी, व्यापम, एसएससी, बैंकिंग, रेलवे सहित आदि प्रतियोगी परीक्षाओं का फाउंडेशन कोर्स संचालित है। इससे संबंधित जानकारी के लिए कार्यालय नवकिरण अकादमी में आकर संपर्क कर सकते हैं।

## मांगों को लेकर कलेक्टर जनदर्शन में पहुंचे खरोरा के ग्रामीण

हरिभूमि न्यूज ▸▸ महासमुंद

ग्राम पंचायत खरोरा की सरपंच सुनीता देवदत्त चंद्राकर कलेक्टर ऑफिस जनदर्शन कार्यक्रम में अपनी मांगों को लेकर ग्रामवासियों के साथ पहुंची। पहली मांग घास जमीन में 40 50 वर्षों से निवासरत ग्रामीणजनों की जगह को आबादी करने ताकि ग्रामवासी को किसी भी प्रकार की कठिनाई का सामना न करना पड़े एवं दूसरी मांग ग्राम पंचायत मद से बनाए गए बेरोजगार युवाओं के लिए व्यवसायिक परिसर की नीलामी की अनुमति प्रदान करने की मांग रखी, जिसे कलेक्टर ने चर्चा कर निदान करने का आश्वासन दिया। इस दौरान जिला पंचायत सदस्य जागेश्वर जुगनू चंद्राकर, सरपंच सुनीता देवदत्त चंद्राकर, उपसरपंच हेमलता कौशल चंद्राकर, पंच संजय साहू, मनोज चंद्राकर, भूमिका चंद्राकर, कमला धीवर, शीला कनौजे, लता चंद्राकर, मीना चंद्राकर, बसंती पोंगा, अहिल्या बिंझवार, पवन चंद्राकर, शंकर चंद्राकर आदि मौजूद रहे।




### प्रदीप आत्महत्या मामले में लिप्त दोषियों पर कार्रवाई की मांग



**सरायपाली।** विप्र फाउंडेशन के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं सरायपाली कांग्रेस के वरिष्ठ नेता दीपक शर्मा ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से रायपुर कलेक्ट्रेट के राजस्व विभाग में कार्यरत क्लर्क प्रदीप उपाध्याय की आत्महत्या के मामले पर वर्तमान भाजपा सरकार पर सवाल उठाते हुए कहा है कि वर्तमान जो भी अधिकारी कर्मचारी इस मामले में लिप्त है उनकी जांच कर दोषियों पर कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है। छत्तीसगढ़ जैसे शांत प्रदेश में जाति सूचक शब्दों से प्रताड़ित कर आत्महत्या करने पर मजबूर करने वाले अपराधी अधिकारियों को तत्काल पद निलंबित कर कानूनी कार्रवाई करने एवं मृतक के परिवार को एक करोड़ मुआवजा एवं परिवार से तत्काल अनुकंपा नियुक्ति की मांग रखी है कि ऐसी घृणित घटनाएं दोबारा ना हो वर्ना पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में समाज उग्र आंदोलन करेगी।

### आकर्षक रंगोली...




**महासमुंद।** ईडब्लूएस कॉलोनी में धनतेरस पर्व पर माही तिबुड़े द्वारा बनाई गई आकर्षक रंगोली।

## घोंच में नवनिर्मित नवीन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का हुआ लोकार्पण कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बागबाहरा

खल्लारी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत आने वाले ग्राम घोंच में नवनिर्मित नवीन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का लोकार्पण समारोह पूर्व संसदीय सचिव व वर्तमान विधायक द्वारिकाधीश यादव के मुख्य आतिथ्य में हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम पंचायत की सरपंच गीता भूषण दीवान ने की। विशिष्ट अतिथि उपसरपंच इंद्राणी पवन साहू, ग्राम अध्यक्ष झाड़ू राम साहू, ग्राम संरक्षक चंदू राम साहू विराजमान रहे। लोकार्पण कार्यक्रम की शुरुआत ग्राम देवी-देवताओं की पूजा अर्चना से हुई। तत्पश्चात ग्राम पंचायत एवं गणमान्य नागरिकजनों ने पारंपरिक वेशभूषा भेंट कर विधायक यादव का विशेष स्वागत किया। इस दौरान स्वयं सहायता समूह की पदाधिकारी एवं सदस्यों ने विधायक को भगवान महाकाल का सुसज्जित चित्र भेंट कर सम्मानित किया।

खल्लारी विधानसभा का नया इतिहास लिखने में घोंच ग्राम का विशेष योगदान

लोकार्पण समारोह के दौरान कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक द्वारिकाधीश यादव ने कहा कि खल्लारी विधानसभा क्षेत्र का नया इतिहास लिखने में ग्राम घोंच और पूरे क्षेत्र का विशेष योगदान है। क्योंकि, एक मिथिक प्रचलित था कि खल्लारी में कोई भी विधायक दूसरी बार जीत कर नहीं आता। लेकिन, इस गांव और क्षेत्र की जनता ने उस धारणा को तोड़ा और उन्होंने पूर्व विधायक लक्ष्मी नारायण इंदुरिया के बाद लगातार दूसरी बार मुझे सेवा करने का मौका दिया है। विधायक यादव ने कहा कि स्वास्थ्य सुविधाएं मानव की मूलभूत आवश्यकता है और यह मानव का अधिकार भी है कि उसे मूलभूत सुविधाओं के अंतर्गत उत्तम स्वास्थ्य हेतु सुविधाएं उपलब्ध हो, जिस पर पूर्व में ही हमारी भूपेश बघेल के नेतृत्व वाली सरकार ने प्रयास किया, जिसका परिणाम आज दिखाई दे रहा है और हमें ये सौभाग्य मिल रहा है कि खल्लारी विधानसभा क्षेत्र के इस गांव में बने नवनिर्मित स्वास्थ्य केंद्र का शुभारंभ हो रहा है।

इस अवसर पर प्रमुख रूप से कैलाश साहू, पप्पू साहू, आज्ञाराम साहू, देव वेदराम दुर्गा प्रसाद, गिरजा नेताम, मोती साहू, नरेश ध्रुव, लेखराम दीवान, धनीराम उमराव दीवान, नारायण उदय राम, हरीश साहू आदि मौजूद रहे।




जलने के बाद
पुन :निर्माण सर्जरी
(रिकंस्ट्रक्शन)



कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर
आर.के.सी.के सामने, चौबे कालोनी एवं पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060
Ajay Advt.

मधुमेह
का सर्वोत्तम संस्थान
लाइफवर्थ हॉस्पीटल
समता कालोनी, रायपुर
हाई ब्लड शुगर का निदान
हाई बी.पी., बच्चों में मधुमेह
मधुमेह और मोटापा
थायराइड और मधुमेह
आँखों में धुंधलापन
पैर में घाव, नसों मे दर्द
समस्त खून जाँच, ईसीजी, ईको की सुविधा
88395 28080, 98261 31347
74404 95504
Ajay 9827144371

online Booking:-www.tripuryatra.com
श्रीनगर, गुलमर्ग, सुलमर्ग



4 रात व 5 दिन Ex जम्मू
28 नवंबर से 02 दिसंबर 2024, 23 जनवरी से 27 जनवरी 2025
20 फरवरी से 24 फरवरी 2025, 13 मार्च से 17 मार्च 2025
10 अप्रैल से 14 अप्रैल 2025
राशि:-स्टैंडर्ड पैकेज 8500 [+ 5% GST ]
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411